**ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**
**नवंबर परीक्षा (2024-25)**
**कक्षा : आठवीं**
**विषय : हिंदी**

**SET-A**

**समय: 1 घंटा 20 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।
3. लिखावट सुंदर लिखें।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>पिछले दो-चार वर्षों से भूमंडल के तापमान के खतरनाक ढंग से बढ़ने के कारण ग्लोबल वार्मिंग प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा है जिससे कतराना अब मुमकिन नहीं रहा । अब तक समझा जाता था कि यह मौसम वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की रुचि का ही विषय है, आम आदमी का इससे कोई लेना देना नहीं। आम आदमी को तो अपनी प्रतिदिन की जिंदगी से जुड़े सवालों नमक, तेल, लकड़ी के बवालों से ही कब फुर्सत मिलती है। खबरों के बाद मौसम का हाल सुनना- सुनाना और चढ़ते पारे पर नजर टिकाए रखना रईसों का चोचला ही समझा जाता रहा है क्योंकि उन्हें ही सबसे ज्यादा कष्ट होता है बत्ती गुल होने से और एयर कंडीशनर ठप हो जाने से और यही बिरादरी गर्मियां शुरू होते ही तैयारी में जुट जाती है कि किस हिल स्टेशन पर जाना है। अब जब आसमान लगातार आग उगल रहा है, पानी का स्तर जमीन में गिरता जा रहा है, खेत में खड़ी फसलें मुरझाने लगी है ऐसा लगता है कि धरती की तपन सिर्फ वैज्ञानिक मनोविनोद नहीं, हमारे अपने जीवन- मरण से जुड़ा हुआ सवाल है। जिससे कतराना अब मुमकिन नहीं रहा। प्रकृति के प्रकोप का कारण मनुष्य का लालच और ऊर्जा संसाधनों की आत्मघातक फिजूलखर्ची है। वातावरण में बढ़ती ग्रीन हाउस गैसों और उनके प्रभाव से वायुमंडल एक अदृश्य आवरण से ढक जाता है, जिसके कारण गर्म पृथ्वी अपना बुखार कम करने में असमर्थ हो जाती है ।यह हम सबके लिए अब चिंता का विषय बन चुका है क्योंकि इसकी ओर ध्यान दिए बिना जीवन मुश्किल हो जाएगा।<br>नहीं बन सकते।<br>(1) **ग्लोबल मॉर्निंग से क्या तात्पर्य है?**<br>**क)** भूमंडलीय तापमान का बढ़ना    ख) भूमंडलीय तापमान का कम होना<br>ग) प्राकृतिक सौंदर्य कम होना    घ) प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि होना।<br>**(2) ग्लोबल वार्मिंग के क्या दुष्परिणाम हो रहे है?**<br>(**क**) धरती का तापमान बढ़ रहा है<br>ख) जमीन में पानी का स्तर नीचे जा रहा है<br>ग) खेतों में खड़ी फैसले मुरझाने लगी हैं<br>घ) उपर्युक्त सभी<br>**(3) आम आदमी को किससे फुर्सत नहीं मिलती?**<br>**क)** तेल, लकड़ी, आटा।    ख) नमक, लकड़ी,रोटी।<br>ग) नमक ,तेल, लकड़ी    घ) नमक,दाल, चावल।<br>**(4)** ग्लोबल वार्मिंग से वातावरण किसके प्रभाव से अदृश्य आवरण से ढक जाता है और इसका क्या परिणाम होता है? | 1<br>1<br>1<br>2 |
| 2 | क) निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह करके **समास** का भेद लिखिए- **हस्तलिखित**<br>ख) दिए गए विग्रह का समस्तपद बनाकर **समास** का भेद लिखिए- **मृग के समान लोचन** | 1×8=8 |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) रचना के आधार पर **वाक्य का भेद** लिखिए-<br>i) रात अँधेरी थी और चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था।<br>ii ) वह वही आदमी है जिसने मेरी किताब ली है।<br>घ) दिए गए वाक्य को **सरल वाक्य में** परिवर्तित कीजिए-यह वही गाँव है जहाँ के लोग प्रातः काल की सैर पर जाते हैं।<br>ङ) उचित **मुहावरे** द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-<br>पुलिस को आते देख चोर के……………<br>च) निम्नलिखित शब्द की **संधि** कीजिए- प्रति+एक<br>छ) '**आनंदोल्लास** 'शब्द का **संधि विच्छेद** कीजिए।<br>ज) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त **अलंकार** का नाम बताइए- शशि मुख पर घूंघट डाले। | |
| 3 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पका चयन कीजिए-**<br>ठुमक चलत रामचंद्र, बाजत पैंजनियाँ।<br>किलकि किलकि उठत धाय, गिरत भूमि लटपटाय।<br>धाय मात गोद लेत, दशरथ की रनियाँ।।<br>अंचल रज अंग झारि, विविध भाँति सो दुलारि।<br>तन मन धन वारि-वारि, कहत मृदु बचनियाँ ।।<br>**1. श्री राम को गोद में कौन उठा लेता है?**<br>**(क)** यशोदा माता (ख) कौशल्या माता<br>(ग) अयोध्या की नारियाँ (घ) दशरथ की रानियाँ<br>**2. श्री राम ने पैरों में क्या पहन रखा है?**<br>**(क)** घुंघरू (ख) पादुकाएँ (ग) पैंजनियाँ (घ) लटकानियाँ<br>**3. प्रस्तुत पद्यांश किस पाठ से लिया गया है?**<br>(क) सूर और तुलसी के पद (ख) सूरदास के पद<br>(ग) तुलसीदास के पद (घ) दोहे<br>**4. प्रस्तुत पद्यांश के रचयिता कौन है?**<br>**(क)** कबीर दास (ख) तुलसीदास (ग) सूरदास (घ) रहीम दास | **4** |
| 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-**<br>क) पाठ 'कामचोर' के आधार पर बताइए कि अम्मा ने कहाँ जाने को कहा और क्यों ?<br>ख) बातचीत की कला में निपुणता प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ?<br>ग) कल्पना चावला में कौन-कौन से गुण थे ?<br>घ) श्रीधर को देखकर लेखक को अपने ऊपर झुंझलाहट क्यों हो रही थी? | **2×4=8** |
| 5 | अपने छोटे भाई को कुसंगति की हानियाँ बताकर अच्छे लड़कों की संगति में रहने की प्रेरणा देते हुए पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>अपने क्षेत्र में मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। | **5** |

ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल
नवंबर परीक्षा (2024-25)
कक्षा : आठवीं
विषय : हिंदी

**SET-B**

**समय: 1 घंटा 20 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।**
3. **लिखावट सुंदर लिखें।**

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>मनुष्य का अपने कर्म पर अधिकार है। वह कर्म के अनुसार फल प्राप्त करता है।अच्छे कर्म करने से फल भी अच्छा मिलता है। बुरे कर्म का परिणाम बुरा होता है। कर्म करना बीज बोने के समान है ।जैसा बीज होता है वैसे ही पेड़ और वैसे ही फल होते हैं। एक कहावत है – बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से खाए? इसलिए बड़े से बड़े अपराधी अंततः बुरी मौत मरते हैं। जो बेईमानी से धन कमाते हैं, उनके बच्चे बेईमान और दुश्चरित्र बनते हैं ।उनकी बुराई का परिणाम उन्हें मिल ही जाता है। हमारा व्यक्तित्व हमारे कर्मों का ही प्रतिबिंब है अगर हम आजीवन कुछ पाने के लिए भागदौड़ करते हैं तो इससे हमारा जीवन ही अशांत होता है। एक छात्र परिश्रम की राह पर चलता है तो उसे सफलता तथा संतुष्टि का फल प्राप्त होता है ।दूसरा छात्र नकल और प्रवंचना का जीवन जीता है ।उसे जीवन भर चोरों,ठगों और धोखेबाजों के बीच रहना पड़ता है। दुष्ट लोगों के बीच जीना भी तो एक दंड है,अशांति है ।अतः मनुष्य को पुण्य कर्म करने चाहिए। इसी से मन में सच्चा सुख जागता है, सच्ची शांति मिलती है।<br>**1) कर्म को किसके समान माना गया है?**<br>**क)** फल के समान ख) फूल के समान<br>ग) पेड़ के समान घ) बीज बोने के समान<br>**(2) परिश्रम की राह पर चलने वाला छात्र क्या प्राप्त करता है?**<br>**क)** सफलता व संतुष्टि। ख) खुशी का जीवन बिताता है<br>ग) अशांत जीवन जीता है। घ) बुराई का परिणाम प्राप्त करता है<br>**(3) बेईमानी से धन कमाने वाले के साथ क्या होता है?**<br>**क)** बुरी मौत मरते हैं। ख) बच्चे बेईमान और दुश्चरित्र बनते हैं<br>ग) बुरे काम का बुरा परिणाम होता है घ) उनके सब काम अच्छी तरह हो जाते हैं।<br>**(4) नकल में प्रवंचना का जीवन जीने वाले छात्र को क्या-क्या सहना पड़ता है?** | 1<br>1<br>1<br>2 |
| 2 | □) निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह करके **समास** का भेद लिखिए-**रोगमुक्त**<br>□) दिए गए विग्रह का समस्तपद बनाकर **समास** का भेद लिखिए-**घन के समान श्याम**<br>□) रचना के आधार पर **वाक्य का भेद** लिखिए-<br>i) वह स्कूल नहीं आया क्योंकि उसे बुखार था।<br>ii ) मैंने एक गाय देखी जो सफेद थी।<br>□) दिए गए वाक्य को **सरल वाक्य में** परिवर्तित कीजिए-मुझे परीक्षा देनी थी इसलिए मैं विद्यालय गई।<br>□) उचित **मुहावरे** द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-<br>युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों के शव देखकर सावित्री देवी का.............<br>□) निम्नलिखित शब्द की **संधि** कीजिए- प्रति+अक्ष<br>□) ‘**आनंदोत्सव**’शब्द का **संधि विच्छेद** कीजिए।<br>□) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त **अलंकार** का नाम बताइए- कान पकड़ कर सूरज जब हौले से धकियाएगा। | 1×8=8 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पका चयन कीजिए-**<br>मैया कबहिं बढ़ेगी चोटी।<br>किती बार मोहिं दूध पिवत भई यह अजहूँ है छोटी।।<br>तू तो कहति बल की बैनी ज्यों है है लांबी मोटी।<br>काढ़त गुहत न्हवावत ओछत नागिनि-सी भुई लोटी ॥<br>काचो दूध पिवावति पचि-पचि देति न माखन रोटी।<br>सूर स्याम चिरजीवौ दोउ भैया हरि-हलधर की जोटी।।<br>**1. श्री कृष्णा अपनी चोटी ना बढ़ने की शिकायत किस से कर रहे हैं?**<br>**क)** यशोदा माता से (ख) कौशल्या माता से<br>ग) कैकई माता से (घ) सुमित्रा माता से<br>**2. यशोदा माता श्री कृष्ण को खाने के लिए क्या नहीं देती हैं ?**<br>**(क)** चावल कढ़ी (ख) सब्जी रोटी (ग) मक्खन रोटी (घ) रोटी चावल<br>**3. प्रस्तुत पद्यांश किस पाठ से लिया गया है?**<br>(क) सूर और तुलसी के पद (ख) सूरदास के पद<br>(ग) तुलसीदास के पद (घ) दोहे<br>**4. प्रस्तुत पद्यांश के रचयिता कौन है?**<br>(□) कबीर दास (ख) तुलसीदास (ग) सूरदास (घ) रहीम दास | 4 |
| 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-**<br>क) पाठ ‘कामचोर’ के आधार पर बताइए कि जब बच्चों ने पहला काम किया हिल हिल कर पानी पीना। इसका क्या परिणाम हुआ ?<br>ख) बातचीत करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?<br>ग) कल्पना चावला ने स्वयं को विदेशी परिवेश में किस प्रकार ढाला ?<br>घ) लेखक को दूसरे बच्चों के साथ खेलने व बात करने क्यों नहीं दिया जाता था? | 2×4=8 |
| 5 | अपने छोटे भाई को परिश्रम का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>अपने क्षेत्र में डेंगू फैलने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। | 5 |

**ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**नवंबर परीक्षा 2024**

**SET-A**

**कक्षा : आठवीं**

**विषय : हिंदी**

**अंक विभाजन एवं उत्तर संकेत**

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।**

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | (1) **क)** भूमंडलीय तापमान का बढ़ना<br>(2) घ) उपर्युक्त सभी<br>(3) ग) नमक,तेल ,लकड़ी<br>(4) वातावरण में बढ़ती ग्रीन हाउस गैसों और उनके प्रभाव से वायुमंडल एक अदृश्य आवरण से ढक जाता है ,जिसके कारण गर्म पृथ्वी अपना बुखार कम करने में असमर्थ हो जाती है। | 1<br>1<br>1<br><br>2 |
| 2 | क) हस्त से लिखित-तत्पुरुष समास<br>ख) मृगलोचन -कर्मधारय समास<br>ग) i) संयुक्त वाक्य<br>ii) मिश्रित वाक्य<br>घ) इस गाँव के लोग प्रातः काल की सैर पर जाते हैं।<br>ङ) होश उड़ गए /चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना/ हाथों के तोते उड़ गए (उचित मुहावरा स्वीकार्य)<br>च) प्रत्येक<br>छ) आनंद उल्लास<br>ज) रूपक अलंकार | 1×8=8 |
| 3 | 1.(घ) दशरथ की रानियाँ<br>2.(ग) पैंजानियाँ<br>3.(क) सूर और तुलसी के पद<br>4.(ख) तुलसीदास | 4 |
| 4 | **क)**घर की खराब हालत को देखकर अम्मा ने अपने मायके आगरा जोने की बात कही। बच्चों की शरारतों के कारण सारा घर अस्त व्यस्त हो गया था। कोई भी कार्य ठीक से नहीं हो रहा था। बच्चों द्वारा किए गए कार्यों से बहुत अधिक नुक्सान हो गया था । घर में कीचड फैल गया था।<br>**ख)** बातचीत की कला में निपुणता प्राप्त करने के लिए सतत अभ्यास एवं साधना करनी होगी। इससे आत्मचिंतन एवं आत्मशोधन में सहायता मिलेगी । बातचीत की कला में निपुणता प्राप्त करने के लिए सद्ग्रयों का अध्ययन, विद्वानों का सत्संग, सभाओं में उपस्थित होना अत्यंत लाभप्रद सिंह होता है।<br>**ग)** कल्पना लगन एवं जुझारू प्रवृति की थी। वह दूढ़-संकल्प और दृढ इच्छाशक्ति वाली लड़की थी। वह काम करने में बिल्कुल आलसी नहीं थी। वह प्रफुल्ल स्वभाव की थी और साथ ही एक अच्छी श्रोता भी थी।<br>**घ)** श्रीधर लेखक की ही आयु का था परंतु उससे अधिक तगड़ा था। वह लेखक से ज़्यादा दूध पी सकता था। वह लेखक से ऊँचा उछल सकता था और घोड़े पर भी चढ़ सकता था परंतु लेखक इनमें से कोई भी | 2×4=8 |

| | | |
|---|---|---|
| | काम नहीं कर सकता था। स्कूल में भी उसे कमज़ोर व बीमार लड़का माना जाता था और वह खेलों में भी कम भाग लेता था इसलिए लेखक को अपने ऊपर झुंझलाहट हो रही थी। | |
| **5** | **पत्र**<br>• **प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ**<br>• **विषय वस्तु**<br>• **भाषायी शुद्धता** | <br>**1**<br>**3**<br>**1** |

**ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**नवंबर परीक्षा 2024**

**SET-B**

**कक्षा : आठवीं**

**विषय : हिंदी**

**अंक विभाजन एवं उत्तर संकेत**

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।**

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | 1) घ) बीज बोने के समान।<br>2) क) सफलता व संतुष्टि।<br>3) ख) बच्चे बेईमान और दुश्चरित्र बनते हैं।<br>4) नकल में प्रवंचना का जीवन जीने वाले छात्रों को जीवन भर चोरों, ठगों और धोखेबाजोंके बीच रहना पड़ता है। इन दुष्ट लोगों के बीच रहना भी एक दंड और अशांति है। ऐसे छात्रों को सच्ची सफलता और संतुष्टि की प्राप्ति कभी नहीं होती। इन्हें अशांति व दुख सहने पड़ते हैं। | 1<br>1<br>1<br><br>2 |
| 2 | **क)** रोग से मुक्त - तत्पुरुष समास<br>**ख)** घनश्याम - कर्मधारय समास<br>**ग)** i) मिश्रित वाक्य<br>ii ) मिश्रित वाक्य<br>**घ)** मैं परीक्षा देने के लिए विद्यालय गई।<br>**ङ)** दिल दहल गया / दिल बैठ गया / घाव हरा हो गया (कोई भी उचित मुहावरा स्वीकार्य)<br>**च)** प्रत्यक्ष<br>**छ)** आनंद+उत्सव<br>**ज)** मानवीकरण अलंकार | 1×8=8 |
| 3 | **1. क)** यशोदा माता से<br>**2.** (ग) मक्खन रोटी<br>**3.** (क) सूर और तुलसी के पद<br>**4.** (ग) सूरदास | 4 |
| 4 | **क**) जब बच्चों ने पहला काम किया हिल हिल कर पानी पीना। इसका य परिणाम हुआ कि पानी के मटकों के पास ही घमासान युद्ध हो गया।पानी के मटके टूट गए। सुरहियाँ लुढ़क गई।बच्चों के कपड़े भी भीग गए।<br>**ख**) बातचीत करते समय निम्नलिखितबातों का ध्यान रखना चाहिए-<br>1. अपने से अधिक महत्व उस व्यक्ति को देना चाहिए जिससे हम बातचीत कर रहे हों ।<br>2.सुनना अधिक और बोलना कम चाहिए ।<br>3.मीठी वाणी का प्रयोग करना चाहिए ।<br>4.स्वार्थ दिखाते हुए बातचीत नहीं करनी चाहिए और दूसरों की बातों को काटना नहीं चाहिए।<br>**ग**) अमेरिका पहुँचने पर कल्पना की भेंट एक लंबे कद के अमेरिकी व्यक्ति जीन पियरे हैरिसन से हुई। उसने हैरिसन के निवास के निकट ही एक अपार्टमेंट में अपना आवास बनाया। कक्षा में ईरानी मित्र इराज कलखोरण ने कक्षा के परिवेश तथा वातावरण में उत्पन्न होने वाली समस्याओं को भाँप लिया तथा कल्पना | 2×4=8 |

| | | |
|---|---|---|
| | को वहाँ के तौर तरीके समझाने लगा। एक अच्छी श्रोता होने के कारण भी कल्पना को अमेरिकी परिवेश में ढलने में आसानी हुई।<br>**घ**) लेखक को दूसरे बच्चों के साथ खेलने इसलिए नहीं दिया जाता था क्योंकि उसकी दादी माँ को डर था कि कहीं उसके हाथ-पैर न टूट जाएँ और उसे नजर ना लग जाए ।लेखक की माँ के अनुसार लड़के गंदे व चोर होते हैं। लेखक गंदी संगति में न पड़ जाए इसलिए उसे अन्य लड़कों के साथ बात करने नहीं दिया जाता था। | |
| **5** | **पत्र**<br>• **प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ**<br>• **विषय वस्तु**<br>• **भाषायी शुद्धता** | **1**<br>**3**<br>**1** |